अमर उजाला

Date: 19.07.2025

# छात्रा का अमेरिका की स्टेट यूनिवर्सिटी में दाखिला



छात्रा पूजा को मिठाई खिलाते कुलपति प्रो. रामपाल सैनी। स्रोत : सीआरएसयू

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विद्यालय के गणित विभाग की मेधावी छात्रा पूजा कुमारी ने संयुक्त राज्य अमेरिका की स्टेट यूनिवर्सिटी में दाखिला हुआ है। इस उपलब्धि पर प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने छात्रा पूजा को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र हमारे विश्वविद्यालय की पहचान बनते हैं और आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। गणित विभाग के अध्यक्ष ने कहा कि पूजा कुमारी विश्वविद्यालय की होनहार छात्रा रही हैं। उनका अमेरिका की स्टेट यूनिवर्सिटी में दाखिला न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है बल्कि यह विभाग की गुणवत्ता और शिक्षा के स्तर का भी प्रमाण है। संवाद

हरिभूमि

Date: 19.07.2025

# पूजा कुमारी को अमेरिका की स्टेट यूनिवर्सिटी में मिला दाखिला

- सीआरएसयू की गणित विभाग की छात्रा है पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के गणित विभाग की छात्रा पूजा कुमारी ने संयुक्त राज्य अमेरिका की स्टेट यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्राप्त कर विश्वविद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने पूजा को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र हमारे विश्वविद्यालय की पहचान बनते हैं और आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। गणित विभाग के अध्यक्ष ने पूजा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा किए पूजा कुमारी विश्वविद्यालय की एक होनहार छात्रा रही हैं। उनका अमेरिका की स्टेट यूनिवर्सिटी में दाखिला न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है बल्कि यह हमारे विभाग की गुणवत्ता और शिक्षा के स्तर का भी प्रमाण है। पूजा कुमारी ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ निश्चय से यह सफलता अर्जित की है।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 19.07.2025

# पूजा का अमेरिका की स्टेट यूनिवर्सिटी में दाखिला

जींद| चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के गणित की छात्रा पूजा कुमारी ने अमेरिका की स्टेट यूनिवर्सिटी में दाखिला लेकर जिले और विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। पूजा की इस उपलब्धि पर प्रो. रामपाल सैनी ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र विश्वविद्यालय की पहचान बनते हैं। आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का काम करते हैं। गणित विभाग के अध्यक्ष ने कहा कि पूजा कुमारी हमेशा से होनहार छात्रा रही हैं। उनका चयन विभाग की शिक्षा की गुणवत्ता का प्रमाण है।